तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 15 दिसंबर 2025



11 गुरु पर्व के उपलक्ष्य में सतनामी समाज ने...



12 करचिया के किसान को दिल्ली में मिला अवार्ड











## खबर संक्षेप

### ग्राम सभा में अजीविका बढ़ाने पर की चर्चा



**मैनपुर।** मारागाव में ग्राम सभा आयोजन कर वन प्रबंधन का कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है ग्राम संगठन निर्माण कर ग्राम सभा को मजबूत किया जा रहा है आजिविका को बढ़ाने के लिए सियारी पत्तल फुल बहारी को ग्राम संगठन के सदस्यों द्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवलाल नेताम ऐहलसिग ग्राम सभा अध्यक्ष लालाराम प्रयोग समाज सेवी संस्था कार्यकर्ता रेवती यादव, जानकी जगत, चित्रलेखा बघेल आदि उपस्थित थे।

### विधानसभा सत्र के चलते विधायक रोहित साहू का जनदर्शन स्थगित

**राजिम।** विधानसभा शीतकालीन सत्र के कारण विधायक रोहित साहू का नियमित जनदर्शन कार्यक्रम अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। निज



सहायक किशोर साहू ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह के सोमवार व शुक्रवार को जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों से सीधा संवाद करते हैं। इस दौरान क्षेत्र के लोग अपना व्यक्तिगत, सामाजिक एवं जनहित से जुड़ी समस्याएं सीधे विधायक के समक्ष रखते हैं। जिनका त्वरित समाधान करने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देते हैं। विधानसभा शीतकालीन सत्र में क्षेत्र एवं राज्य के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा, प्रश्नोत्तर एवं विधायी दायित्वों के निर्वहन के कारण विधायक श्री साहू की व्यस्तता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। श्री साहू ने बताया कि जैसे ही विधानसभा सत्र का समापन होगा, जनदर्शन कार्यक्रम पुनः पूर्व निर्धारित दिनों में शुरू किया जाएगा।

### सतनाम सन्देश शोभा यात्रा 17 को

**फिंगेश्वर।** परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की 269 जयंती के अवसर पर फिंगेश्वर मे 3 दिवसीय जयंती समारोह हर्षउल्लास के साथ मनाया जायेगा। दिनांक 17 दिसंबर को सतनाम सन्देश शोभायात्र दोपहर 2 बजे से नगर भ्रमण करेगा।18 दिसम्बर को गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर समाज के युवाओ द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शाम 4 बजे गुरु मंदिर मे पूजा अर्चना कर पालो चढ़ाया जायेगा।रात्रि मे सतनाम मंगल भजन बंधापार (कोमाखान )की कार्यक्रम होगा दिनांक 20 दिसम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग छत्तीसा पूनम तिवारी, बेला तिवारी राजनांदगाव की प्रस्तुति हाई स्कूल मैदान मे रात्रि 9 बजे से होगा। समाजजनो द्वारा अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर जयंती समारोह का आनंद लेने अपील की है।इसके साथ ही यह जानकारी भी दिया की गुरु घासीदास मंदिर मे सतनाम ज्योति पिछले 1 वर्ष से अनवरत जल रहा है जिसे दर्शन करने दूर दूर से श्रद्धालू आते है। उक्त जानकारी सतनामी समाज के अध्यक्ष संतोष मांडले, दुजलाल बंजारे, राजऋषि टंडन, खिलावन सोनवानी ने दिया है।

### धान तस्करी का 'पुष्पा मॉडल': मशीन से सड़क बना कर रोज खपा रहे है धान

# धान तस्करों ने जेसीबी से पगडंडी को सड़क में बदला


हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

धान खरीदी जैसे ही जोर पकड़ी है वैसे ही अब तस्कर ओड़िसा के अवैध धान को छत्तीसगढ़ में खपाने के लिए नये नये तरीके इजाद कर रहे है हालाकि देवभोग एवं मैनपुर क्षेत्र में पुलिस एवं राजस्व विभाग द्वारा लगातार अवैध धान परिवाहन पर कार्यवाही किया जा रहा है इसके बावजूद धान तस्कर भी किसी से कम नजर नही आ रहे है कभी नदी खेत, जगल के रास्तो से सायकल, मोटर सायकल के माध्यम से लगातार धान खपा रहे थे अभी जो नया मामला सामने आया है वह सब को हैरान कर दिया है।

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अन्तर्गत अमलीपदर कुहीमाल से ओड़िसा नवरंगपुर जंगल पगडण्डी मार्ग था इस मार्ग में सायकल और मोटर सायकल भी चलाना बेहद मुश्किल था लेकिन धान तस्करो ने पिछले एक सप्ताह के भीतर इस जंगली पगडण्डी मार्ग में बकायदा जेसेबी मशीन लगाकर पूरे पगडण्डी मार्ग को सड़क में बदल दिया और अब इस मार्ग से ट्रेक्टर पीकप बड़े वाहन फरार्टे भर रहे है साथ ही यहां से धान की तस्करी किया जा रहा है सबसे आश्चर्य की बात यह है कि यह इलाका वन परिक्षेत्र देवभोग अन्तर्गत आता है और अमलीपदर तहसील को जोड़ता ही मशीन से यहां चौड़ी सड़क बनाने में कम से कम एक सप्ताह का समय लगा होगा लेकिन इसकी भनक तक वन विभाग के स्थानीय अधिकारी और कर्मचारियों को नही हो पाई जो अनेक संदेह को जन्म देता है।

अमलीपदर कुहीमाल का यहां एक ऐसा पगडण्डी मार्ग था जो इतना जर्जर था कि उस पर पैदल चलना भी मुश्किल था, आज चार पहिया दौड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह सड़क किसी सरकारी योजना से नहीं, बल्कि खुद धान तस्करों ने ऐसीबी मशीन लगाकर तैयार की है। महज 5 से 7 दिनों में तस्करों ने जंगल, पहाड़ी और नालों के बीच से ऐसी सड़क बना दी, जिस पर अब पिकअप, ट्रैक्टर और अन्य चार पहिया वाहन आराम से निकल रहे हैं। यह पूरा नजारा किसी फिल्मी सीन से कम नहीं है। जिस तरह 'पुष्पा' फिल्म में चंदन की तस्करी जंगल, नदियों और नालों को पार कर होती है, ठीक उसी अंदाज में धान तस्कर भी लगभग 18 छोटी–बड़ी नालों और नदीनुमा रास्तों को पार कर उड़ीसा का धान छत्तीसगढ़ में पहुंचा रहे है फर्क बस इतना है कि यहां चंदन नहीं, बल्कि सरकारी खजाने को चपत लगाने वाला धान है। इतना तय है कि धान तस्करी का यह खेल सिर्फ कानून–व्यवस्था की चुनौती नहीं, बल्कि सरकारी खजाने को हजारों करोड़ के नुकसान की खुली साजिश है जिस पर अब सिर्फ कार्रवाई नहीं, बल्कि जवाबदेही भी तय करनी होगी। एक तरफ वन विभाग जंगल की सुरक्षा को लेकर तमाम बड़े–बड़े दावे करते है लेकिन कुहीमाल अमलीपदर वाला इस पगडण्डी जंगल रास्ता को एक सप्ताह में ▶▶|शेष पेज 11 पर

**अमलीपदर कुहीमाल इलाके में ओडिशा को जोड़ने वाले पगडण्डी मार्ग में नया सड़क बनाकर धान तस्करी खेल जारी**





#### क्या कहते हैं अफसर

अमलीपदर के तहसीलदार सुशिल कुमार भोई ने माना कि तस्कर लगातार रणनीति बदल रहे है लेकिन प्रशासन भी लगातार कार्यवाही कर रही है अब नई रणनीति के साथ उन पर सिंकजा कसने की तैयारी कर रहे है।

#### क्या कहते हैं वन क्षेत्र अधिकारी

देवभोग वन परिक्षेत्र के अधिकारी मुरचुलिया ने चर्चा में बताया कि उन्हे भी इस नये सड़क के बारे में आज ही पता चला है उनका तबियत खराब है वे इलाज कराने चार दिनो से नगरी आए हुए है।





#### धड़ल्ले से चल रहा है खेल

जैसे–जैसे छत्तीसगढ़ सरकार के समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जोर पकड़ रही है वैसे ही धान तस्करों का नेटवर्क एक बार फिर पूरी तरह सक्रिय हो गया है हर साल की तरह इस बार भी सरकारी व्यवस्था की कमजोर कड़ियों को निशाना बनाते हुए उड़ीसा का धान छत्तीसगढ़ की सहकारी खरीदी केन्दों तक पहुंचाने का खेल धड़ल्ले से चल रहा है फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार तस्करों ने ऐसे–ऐसे नए रास्ते और तरीके अपनाए हैं, जिन्हें देखकर प्रशासन भी हैरान है। सरकार ने इस बार उड़ीसा छत्तीसगढ़ सीमा से जुड़े लगभग सभी प्रमुख रास्तों पर सख्त नाकाबंदी की है जगह–जगह चेक पोस्ट बनाए गए हैं, कर्मचारी तैनात हैं और वाहनों की जांच की जा रही है बावजूद इसके, तस्करों ने ऐसे वैकल्पिक रास्ते खोज निकाले हैं, जिनकी जानकारी न तो प्रशासन को थी और न ही अब तक किसी एजेंसी ने वहां निगरानी की थी।



# पाण्डुका में चोरी का पर्दाफाश, 2 आरोपी और 4 बालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

पाण्डुका थाना की कार्यवाही प्रार्थी राघवेन्द्र सिन्हा पिता स्व० शिवप्रसाद सिन्हा उम्र 46 वर्ष साकिन कोपरा थाना पाण्डुका जिला गरियाबंद छ.ग. के द्वारा दिनांक 09.12.2025 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 08-09. 12.2025 के दरमियानी रात कोई अज्ञात चोर घर की परदा फांद कर घर अंदर प्रवेश कर ताला तोड़कर घर के अंदर रखे 02 नग भगवान की सोने की आंख, चांदी की लक्ष्मीजी की मूर्ति, 5 नग चांदी के सिक्के, 2 चांदी के पत्ती, 4 नग फुल कांस की थाली और 03 नग फुल कांस का लोटा किमती करीब 15,000 रूपये को चोरी कर ले गया है। अपराध क्रमांक 125/2025 धारा 331(4), 305(2), 324, 317(2), 3(5) भा.न्या.सं. दर्ज कर विवेचना के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में थाना स्टाफ एवं स्पेशल टीम के सहयोग से 04 अपचारी बालक एवं आरोपी 01. पवन निषाद पिता छोटु निषाद उम्र 23 वर्ष साकिन बजरंग चौक अमलेश्वर जिला दुर्ग 02. खिलेश दास ▶▶|शेष पेज 11 पर

# पीएमएसएमए अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी सुविधा

**प्रत्येक माह 9 व 24 तारीख को जारी रहेगी निःशुल्क सेवा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भारत शासन की विशेष अभियान प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दिन 9 दिसंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजिम व फिंगेश्वर में गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी जांच किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर स्नेहलता हुमने ने बताया कि राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू जी के विशेष प्रयासों से सीएचसी राजिम व फिंगेश्वर दोनों जगह सोनोग्राफी जांच सुविधा प्रारंभ हुआ है।

■ 64 गर्भवती राजिम में और 42 फिंगेश्वर में हुई जांच

भारत शासन की विशेष अभियान प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान प्रत्येक माह के 9 व 24 तारीख को हमारे सीएचसी राजिम, फिंगेश्वर व पीएचसी जामगांव, कोपरा, कौंदकेरा में आयोजित किया जाता है, इस दिन गर्भवती माताओ की सम्पूर्ण जांच जिसमें बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, पेट जांच वीडीआरएल, सिकलसेल, ब्लड ग्रुप, निःशुल्क किया जाता है एवं हमारे दोनों सीएचसी राजिम फिंगेश्वर में स्त्री रोग विशेषज्ञ की सेवाओ के साथ निःशुल्क सोनोग्राफी जांच सुविधा प्रदान किया जाता है। सीएचसी राजिम में डॉ रुचि रूपरेला व सीएचसी फिंगेश्वर में डॉ सोमी चंद्राकर अपनी सेवाएं दे रही है। अभी दिनांक 09.12.2025 को सीएचसी राजिम में 64 गर्भवतियों की जांच व 18 हाईरिस्क गर्भवती माताओ की निःशुल्क सोनोग्राफी जांच किया गया। ठीक उसी प्रकार सीएचसी फिंगेश्वर में 42 गर्भवतियों की जांच व 11 हाईरिस्क गर्भवती माताओ की निःशुल्क सोनोग्राफी जांच किया गया।



अब सोनोग्राफी की सुविधा गर्भवती माताओ के लिए प्रत्येक माह की 9 व 24 तारीख को निरंतर प्रदान की जाएगी। बीएमओ डॉ हुमने ने सभी गर्भवती माताओ से अपील किया है कि अपने क्षेत्र की मितानिनों से संपर्क कर पीएमएसएमए में आकर सम्पूर्ण जांच व सोनोग्राफी निःशुल्क कराकर अभियान का लाभ उठावें अपने व आने वाले अपने बच्चों की बेहतर स्वास्थ्य की जानकारी पाएं।

# फिंगेश्वर पुलिस ने 70 लीटर शराब सहित वाहन किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर/छुईहा बेलर

नया सेवरा अभियान अंतर्गत गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अवैध शराब रोकथाम एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु फिंगेश्वर थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। दिये गये निर्देश के परिपालन में समस्त फिंगेश्वर थाना प्रभारी द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रातंर्गत मुखबिर एवं थाना पेट्रोलिंग को सक्रिय किया गया था।

■ दो अलग–अलग मामलों में 6 आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

12 दिसंबर को थाना प्रभारी फ़िंगेश्वर से सूचना मिला कि एक सफेद रंग की एक चार पहिया वाहन सूमो गोल्ड क्रमांक सीजी 04 केपी 7736 सूचना तस्दीकी हेतु हमराह स्टाफ मय गवाहन के शिव मंदिर के सामने मेन रोड ग्राम जमाही के पाकर नाकाबंदी कर आने जाने वाले संद्धिग्ध वाहनो की चेकिंग किया जा रहा था। चेकिंग के दौरान मुखबीर की बताये निशानदेही पर एक सफेद रंग की एक चार पहिया वाहन सूमो गोल्ड क्रमांक सीजी 04 केपी 7736 को रोककर पूछताछ किया। आरोपी चालक द्वारा अपना नाम खिलेश साहू पिता परस राम साहू उम्र 36 वर्ष व वाहन के पीछे बैठे आरोपी घनाराम साहू पिता तोषु राम साहू उम्र 32 वर्ष, नरसु राम ध्रुव पिता सुखराम ध्रुव उम्र 44 वर्ष, त्रिलोकी वर्मा पिता भोज राम वर्मा उम्र 28 वर्ष, डिगेश साहू पिता तिरिथ राम साहू उम्र 31 वर्ष सभी ग्राम सहसपुर थाना पाण्डुका जिला गरियाबंद का रहने वाला बताया। वाहन के पीछे दो जरकीन मे कच्ची महुआ शराब में 35-35 लीटर क्षमता वाली मे भारी मात्रा मे कुल 70 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब कीमती 14000 रूपये का होना पाया गया। घटना में प्रयुक्त पुरानी इस्तेमाली एक चार पहिया वाहन सूमो ▶▶|शेष पेज 11 पर

### 78 साल बाद भी नहीं बना श्मशान घाट, बच्चों के लिए जर्जर आंगनबाड़ी भवन

# रावनाभाटा में बुनियादी सुविधाओं की कमी से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

भारत चांद पर मिशन भेजने वाला देश है, जहां विज्ञान और तकनीक ने अभूतपूर्व प्रगति की है। लेकिन दूसरी ओर, देश के ग्रामीण इलाकों में आज भी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। इसका एक उदाहरण छुरा मुख्यालय से महज 2 किलो मीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत टेगनाबासा के आश्रित ग्राम रावनाभाटा, लालपुर गांव की स्थिति है, जहां 600 की आबादी होने के बावजूद मुक्तिधाम (श्मशान घाट) तक नहीं है।

■ बारिश में पानी जमा, बच्चों और ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल

बारिश के दिनों में यहां किसी की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार करना भी एक बड़ी चुनौती बन जाता है। रावनाभाटा, लालपुर गांव में जब किसी की मृत्यु होती है, तो बारिश के मौसम में यह प्रक्रिया और भी कष्टदायक हो जाती है। अगर बारिश में किसी की मौत हो जाए, तो ग्रामीणों को सबसे पहले लाश को पानी से बचाने के लिए त्रिपाल का इंतजाम करना पड़ता है। उसके बाद ही अंतिम संस्कार हो पाता है। इसी कड़ी में रावनाभाटा आंगनबाड़ी केंद्र एक में पिछले 10 सालों से एक गोदाम में संचालित हो रहे हैं, जिसमें छोटे छोटे बच्चे पढ़ाई करने को मजबूर हैं। उपसरपंच रेखचद साहू, पंच तुलेश साहू, धनीराम ध्रुव, भगवानी ध्रुव, कुमारी बाई साहू, यामिनी यादव, यमुना ध्रुव, कुंती सिन्हा, प्रमिला सिन्हा, देवचरण ध्रुव, रूपेश ध्रुव आदि लोगों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र जहां संचालित हो रहा है वहां न बच्चों के लिए शौचालय की व्यवस्था है। इस तरह से आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है। आंगनबाड़ी भवन तो है मगर जर्जर हो चुका है, बारिश होने पर छत से पानी टपकता है। आजादी के 78 साल बाद भी यहां गांव बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। तुलास ध्रुव, पवन ध्रुव, तिहार राम ने कहा कि प्राथमिक स्कूल के पास गली कंक्रीटीकरण तो हुआ है मगर बारिश के दिनों में वहां पर तालाब जैसे पानी भर जाने से स्कुली बच्चे और ग्रामीण को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

#### ग्रामवासियों ने शासन से की शीघ्र समाधान की मांग

उपसरपंच रेखचद ने बताया कि इसके लिए पंचायत में दो बार प्रस्ताव किया मगर अभी तक कुछ नहीं हुआ है। हमारे गांव में मूलभूत सुविधाओं की कमी तो है ही, लेकिन उस पीडा को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। समस्त ग्रामवासी ने शासन प्रशासन से यहां की समस्या को अतिशीघ्र समाधान करने की मांग की गई है।



## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### डॉ. महंत को डॉ. रेणु ने दी जन्मदिन की बधाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तथा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. चरणदास महंत के जन्मदिन पर पूर्व विधायक डॉ. रेणु जोगी ने उन्हें शिष्टाचार भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ. जोगी ने अपने शुभकामना संदेश में डॉ. महंत के स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने डॉ. महंत द्वारा जनहित में किए गए अमूल्य योगदान की सराहना की। इस मौके पर दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच आपसी सौहार्द्र एवं राजनीतिक शिष्टाचार का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। डॉ. महंत ने भी डॉ. जोगी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### किसानों के लिए तुंहर टोकन ऐप अब 24 घंटे उपलब्ध

**रायपुर।** प्रदेश के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तुंहर टोकन ऐप को अब 24×7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लघु किसनों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है।

### महाराजबंध तालाब से निकाले विसर्जित प्रतिमाओं के अवशेष



**रायपुर।** शहर की ऐतिहासिक धरोहर महाराजबंध तालाब में ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ का स्वच्छता अभियान तीसरे दिन भी पूरे जोश और ऊर्जा के साथ जारी रहा। संस्था के प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शनिवार सुबह 7.30 बजे से ही संस्था के सदस्य बड़ी संख्या में तालाब पहुंचे और श्रमदान करते हुए तालाब में जमा प्लास्टिक, पॉलीथिन, जलकुंभी तथा विसर्जन सामग्री बाहर निकाली। कई झांकियों के ढांचे और भारी मात्रा में कचरा तालाब से निकाला गया। अभियान को देखते हुए नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर विनोद पांडेय स्थल पर पहुंचे और अपनी टीम के साथ सफाई कार्य में सहयोग दिया। उनकी पहल पर घाट से जेसीबी मशीन से मलबा निकाला गया। उन्होंने ग्रीन आर्मी की इस पहल की सराहना करते हुए निगम की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे, रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा समेत बड़ी संख्या में संस्था के पदाधिकारी-सदस्य एवं वार्ड के रहवासी सफाई अभियान में शामिल हुए।

### डॉ. निरुपमा को घाना से मिली पीएचडी की मानद उपाधि

**रायपुर।** मनोविज्ञान के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए डॉ. निरुपमा परिहार को ग्लोबल समिट दिल्ली में वेबिक विश्व विद्यालय घाना द्वारा मनोविज्ञान विषय में पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। वे मनोस्वास्थ्य चिकित्सक डॉ. डोगेंद्र परिहार की पत्नी और छग राज्य निर्माण भागीरथी समाजसेवी डॉ. उदयभान सिंह चौहान की सुपुत्री हैं।



# राष्ट्रवादी प्रवक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का नगर आगमन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**हिंदुओं को संगठित करने की दिशा**

- हिंदुओं को संगठित करने की दिशा कर रहे लगातार प्रयास

में प्रयास रत सर्व हिंदू समाज द्वारा 27 नवंबर को डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया के उद्बोधन कार्यक्रम पश्चात इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए आज प्रखर राष्ट्रवादी प्रवक्ता एवं विचारक पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ का आज महासमुंद में आगमन होने जा रहा है। कुलश्रेष्ठ प्रखर राष्ट्रवाद तथा हिन्दुत्व प्रवर्तक होने के साथ पूरे देश में उनकी पहचान सच्चे राष्ट्रभक्त, ओजस्वी वक्ता तथा राष्ट्रवादी चिंतक और विचारक के रूप में है। कुलश्रेष्ठ ने भारतीय संविधान से अनुच्छेद 370 तथा 35 ए को हटाने के लिये भी निरंतर संघर्षरत रहे हैं। पूर्व में कुलश्रेष्ठ बीबीसी में सेवारत रहे है तथा वे प्रेस क्लब ऑफ इण्डिया के महासचिव भी रह चुके हैं।

### आज सिरपुर पहुंचेंगे कुलश्रेष्ठ

पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ आज सोमवार को सिरपुर भ्रमण पश्चात सर्किट हाऊस पहुंचेंगे और रात्रि 8 बजे से 10:30 बजे तक विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भेंट और चर्चा करेंगे। 16 दिसंबर को सुबह 10 बजे भेंट कार्यक्रम में वे पत्रकारों से भी मुलाकात पश्चात विभिन्न सामाजिक संगठनों से मुलाकात करेंगे। 12 बजे गुरुकुल आश्रम कोसरंगी के छात्रों एवं अन्य महाविद्यालयीन छात्रों को सम्बोधित करेंगे। संध्या 5 बजे शंकराचार्य भवन (बागबाहरा रोड) में उनका उद्बोधन कार्यक्रम होना है। पश्चात 17 जनवरी को सुबह विभिन्न सामाजिक संगठनों से मुलाकात के बाद माना एयरपोर्ट रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।




### जनप्रतिनिधियों की घटती भूमिका चिंतनीय

धर्म के नाम पर सत्ता में आने के बाद राष्ट्रवादी और अन्य कई मामलों में राजनितिक पदाधिकारियों की घटती भूमिका के प्रश्न के जवाब में कहा कि सत्ता प्राप्ति के बाद ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों का असहयोगी हो जाना सही नहीं। हिंदुत्व के मामले में भाजपा के हो या कांग्रेस के सभी सभी दल एकजुट हैं। भरत चंद्राकर ने कहा कि 12 साल में 150 परिवारों की घर वापसी और 23 लव जिहाद के मामलों में से 19 बालिकाओं को वापस अपने परिवार तक पहुंचाने में सफलता पाई है। पत्रकार वार्ता के दौरान बताया गया कि दो सालों के अथक प्रयासों के बाद पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ के कार्यक्रम की तिथी मिल पाई है जो जिले सहित सर्व हिंदू समाज के लिए गौरव का विषय है। प्रेस वार्ता के दौरान भरत चंद्राकर, रितेश गोलझा, भरत साहू, प्रमोद चंद्राकर, अग्रज शर्मा, देवेंद्र दुबे, संजय यादव, सुमन सेंद्रे मौजूद रहे।

**पहली सूची के अप्रैल में आने के बाद से ही दूसरी सूची का हो रहा है इंतजार**

# भाजपा नेताओं को अब निगम, मंडल में नए साल में ही कुर्सी मिलने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के भाजपा नेताओं को निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में अब नए साल में ही कुर्सी मिलने की संभावना है। पहली सूची इस साल अप्रैल में नवरात्रि के समय आई थी। पहले संभावना जताई जा रही थी कि दूसरी सूची भी जल्द आएगी, लेकिन सूची के लिए इंतजार लंबा होता गया और चैत्र नवरात्रि में दूसरी सूची आने की बात सामने आई। अब तो नवरात्रि क्या दीपावली भी निकल गई पर अब तक दूसरी सूची नहीं आई है। वैसे दूसरी सूची के ज्यादातर पदों के लिए नामों पर मंथन हो गया है और राष्ट्रीय नेताओं के साथ चर्चा भी हो गई है, लेकिन सूची जारी कब होगी, यह किसी को मालूम नहीं है। अब यह संभावना जताई जा रही है जो होगा नए साल में ही होगा।

प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के विस्तार और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी के ऐलान के बाद अब जहां विधायकों की नजरें संसदीय सचिवों के पदों पर हैं, वहीं निगम, मंडल और आयोग में बचे पदों को लेकर भी भाजपा नेता इंतजार कर रहे हैं। इधर भाजपा के प्रदेश संगठन का विस्तार भी चल रहा है। ऐसे में कई नेताओं को यहां भी पद मिल रहे हैं। संगठन का विस्तार इस माह के अंत तक पूरा होने की संभावना है। इसके बाद ही नए साल में निगम, मंडल, आयोग की कुर्सी बंटेगी।



### संसदीय सचिवों की नियुक्ति भी बाकी

प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल का लंबे इंतजार के बाद मुख्यमंत्री श्री साय के विदेश प्रवास पर जाने से पहले अगस्त में विस्तार हो चुका है। प्रदेश सरकार ने तीन नए मंत्री बनाए हैं। मंत्रिमंडल में जिनको स्थान नहीं मिल सका है, उन नए विधायकों की नजरें अब संसदीय सचिवों के पदों पर हैं। इनकी नियुक्ति भी अब नए साल में ही होने की संभावना है।

### 8 माह बाद सदस्यों की नियुक्ति भी नहीं

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें नियुक्ति के लिए भी आठ माह से इंतजार हो रहा है, लेकिन इसमें भी नियुक्ति नहीं हो सकी है।

# एशियन यूथ पैरा गेम्स में महासमुंद के सुखदेव ने 800 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- एशियन यूथ पैरा गेम्स दुबई में सुखदेव ने 800 मीटर एवं 1500 मीटर में जीता स्वर्ण पदक

एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 का आयोजन दुबई में 7 से 14 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें भारतीय टीम विभिन्न खेलों में शामिल रहीं। पैरा एथलेटिक्स खेल में शामिल होने महासमुंद जिले के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुखदेव केंवट (छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शहीद कौशल यादव पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी) एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी निखिल कुमार यादव शामिल हुए। निखिल यादव पिता दाऊ लाल यादव एवं सुखदेव पिता छत्रपाल केंवट फॉर्चून नेत्रहीन उमावि कर्मापटपर बागबाहराकला बागबाहरा में अभ्यास करते हुए वर्तमान में दोनों खिलाड़ी भारतीय खेल प्राधिकरण (साईं) बेंगलुरु में पैरा एथलेटिक्स खेल का अभ्यास कर दुबई के लिए चयनित हुए। सुकदेव टी 11 कैटेगरी वर्ग में 400 मीटर, 800 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में शामिल हुए तथा टी 12 कैटेगरी वर्ग में 800मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में निखिल यादव शामिल हुए।

खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षक राहुल बालाकृष्णन एवं गाइड रनर वेंकटेश शामिल रहे। दुबई में सुखदेव ने 02 स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल किया है। जिसमें 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक एवं 400 मीटर दौड़ में चौथा स्थान प्राप्त किया। शुकदेव ने एशियन पैरा एथलेटिक्स गेम्स में 02 स्वर्ण पदक जीतकर देश, प्रदेश व जिले को गौरवान्वित किया है। निखिल यादव ने एशियन पैरा एथलेटिक्स में 800 मीटर एवं 1500 मीटर में चौथा स्थान प्राप्त किया।

# सत्ता के नाम सट्टा खिलाने वालों के समय विकास अवकाश पर था : ठोकने




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने कहा, कांग्रेस शासनकाल में सत्ता के नाम सट्टा खिलाने वालों के समय विकास अवकाश पर था। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के दो वर्ष के उपलब्धिपूर्ण कार्यकाल से कांग्रेस परेशान हो गई है।

श्री ठोकने ने कहा, छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के जड़ से सफाए से लेकर सर्वतोमुखी विकास और लोक कल्याण के कार्यों व योजनाओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार के उन संकल्पों की सिद्धि की प्रामाणिकता को स्थापित किया है, जो मोदी की गारंटी के तहत भाजपा ने व्यक्त किए थे। श्री ठोकने ने कहा, कांग्रेस खेमे में पसरा सन्नाटा यह बताने के लिए पर्याप्त है कि कांग्रेस ने भी यह मान लिया है कि विकास, जनकल्याण और योजनाओं के लिहाज से प्रदेश की भाजपा सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक उपलब्धियों का दस्तावेज है और कांग्रेस इस सरकार के कामकाज को लेकर मिथ्या प्रलाप करने की स्थिति में रह ही नहीं गई है। श्री ठोकने ने कहा, छत्तीसगढ़ में 36 खेमों में बंटी कांग्रेस मुद्दों और नेतृत्व के संकट से गुजर रही है और कांग्रेस रूपी नाव को छत्तीस पतवारों से अपने-अपने हिसाब से सभी नेता चला रहे हैं। हालत इतनी दयनीय हो गए है कि कांग्रेस के नेता एसआईआर को भी गंभीरता से नहीं ले पा रहे हैं। कांग्रेस अब तक अपने बीएलए-1और बीएलए- 2 भी पूरी तरह तैनात नहीं कर पाई है।

# स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी मुफ्त में चेक की जाए

**उपभोक्ताओं की शिकायत पर कांग्रेस ने उठाई मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, बिजली बिल सरकार प्रायोजित लूट का उदाहरण है। हर जगह बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है। स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है। बिजली उपभोक्ताओं का यह अधिकार है कि अपनी वास्तविक खपत को जान सकें।



चेक मीटर का प्रावधान पहले से ही था, लेकिन यह सरकार अपनी लूट पर परदेदारी करने के लिए चेक मीटर लगाने और मीटर चेक करवाने उपभोक्ताओं से 1000 और 1500 रुपए शुल्क लेने का प्रावधान कर दिया है। यदि मीटर में गड़बड़ी का आरोप उपभोक्ता लगा रहे हैं, तो उसे मुफ्त में चेक किया जाए। किसी भी तरह से अतिरिक्त शुल्क अनुचित है।

यह प्रावधान सरकार ने गड़बड़ी छिपाने के लिए की है। शुल्क का प्रावधान तत्काल वापस ले सरकार। उन्होंने कहा, 400 यूनिट तक छूट को आधी करके 200 यूनिट किया, उसमें भी यह शर्त लगा दी कि खपत 400 यूनिट से अधिक होते ही सारी छूट, राहत, रियायत पूरी तरह खत्म। ऊपर से सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाकर अधिक वसूली कर रहे हैं। सरकार, जनता को राहत देने के बजाय अब बिजली के दामों में 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार (एफपीपीएस) के रूप में अतिरिक्त चार्ज लगाने जा रही, इससे बिजली के दाम एक बार फिर से बढ़ेंगे। कांग्रेस, सरकार के इस निर्णय का विरोध करती है।

**मुख्यमंत्री साय करेंगे उद्घाटन**

# आयुर्वेद कालेज परिसर में 18 से मेगा हेल्थ कैंप

**दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद सहित देशभर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर देंगे सेवा**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आयुर्वेद कालेज परिसर में 18 दिसंबर से पांच दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद सहित देशभर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर सेवाएं देंगे।

रायपुर पश्चिम के विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्घाटन 18 दिसंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होगा। मेगा हेल्थ कैंप में विनय मित्र मंडल के माध्यम से दिव्यांगों को कृत्रिम जयपुर पैर, हाथ कटे दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ बनाकर दिए जाएंगे, साथ ही श्रवण यंत्र, ट्राइसिकल, वैशाखी भी प्रदान की जाएगी। राजेश मूणत ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया किमेगा हेल्थ कैंप में कैंसर, हृदय रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग, अस्थि रोग, बांझपन उपचार, आयुर्वेद और अन्य विधाओं से जुड़े डॉक्टरों की टीम निःशुल्क जांच, परामर्श, उपचार और दवाइयों का वितरण करेगी।

कैंसर विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत केरकर और डॉ. आयुषी गोयल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मयूर जैन और डॉ. रमेश कवाड़ समेत देशभर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष दीपक म्हसके, जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। पत्रकार वार्ता में भाजपा नेता प्रफुल्ल विश्वकर्मा, रमेश सिंह ठाकुर, छगन मूंदड़ा, शिविर के कोआर्डिनेटरर शैलेश खंडेलवाल उपस्थित रहे।

**बैज बोले– घुसपैठिए के नाम पर काटे जा रहे विपक्षियों के वोटर**

# वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली आज दिल्ली में, छत्तीसगढ़ से 5 हजार कांग्रेसी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली में कल कांग्रेस वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली निकालेगी, जिसमें शामिल होने पीसीसी चीफ दीपक बैज दिल्ली रवाना हुए। उन्होंने एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में कहा, 14 दिसंबर को रामलीला मैदान पर रैली होगी। इसमें मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया और प्रियंका गांधी समेत देशभर से तमाम बड़े नेता शामिल होंगे।

एसआईआर के विरोध में छत्तीसगढ़ से 5 हजार कांग्रेसी कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे। एसआईआर पर बीजेपी के आरोप पर दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा, घुसपैठिए कहां से आए, कैसे आए, पहले यह बताएं। केंद्र में बीजेपी की सरकार है, फिर घुसपैठिए कैसे आए। जहां-जहां चुनाव वहां घुसपैठिए के नाम पर नौटंकी की जा रही। बिहार में घुसपैठिए खत्म हो गए, अब असम बंगाल में रहेंगे। घुसपैठियों के नाम पर विपक्षियों के वोटर्स के नाम काटे जा रहे। गुलाब कमरो का नाम महेंद्रगढ़ से काटकर रायगढ़ में जोड़ दिए। बिलासपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष का नाम भिलाई में जोड़ रहे। यह सब साजिश है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बयान पर दीपक बैज ने जवाब देते हुए कहा, कांग्रेस खून पसीने से सींची हुई पार्टी है। कांग्रेस चुनाव में हार या प्रताड़ना से नहीं डरती।



### भाजपा सरकार 2 साल में ही अलोकप्रिय हो गई, प्रदेश के हर वर्ग को किया निराश

साय सरकार ने अपने 2 साल के कार्यकाल में जनता का भरोसा खो दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार के खिलाफ चौतरफा आक्रोश है। मोदी की गारंटी के नाम पर जनता का मत हासिल किया। 2 साल में एक भी मोदी की गारंटी पूरी नहीं की। सरकार से प्रदेश का हर वर्ग नाराज है। किसान और युवा नाराज हैं, सरकारी भर्तियां बंद हैं, जो भर्तियां हुई हैं, उसमें भ्रष्टाचार किया गया। आदिवासियों, किसानों की जमीनें जबरिया उद्योगों और खदानों के लिये अधिग्रहित की जा रही हैं। महिलाएं निराश हैं, महतारी वंदन के नाम पर उनसे धोखा किया गया। बिजली के दाम बढ़ाने, भूमि की गाइडलाइन के रेट बढ़ाने 5 डिसमिल से कम जमीनों की रजिस्ट्री बंद करने से जनता नाराज है। कोई ऐसा वर्ग नहीं जो सरकार के 2 साल के कार्यकाल से खुश हो। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार के 2 साल में छत्तीसगढ़ की जनता को निराश किया है। साय सरकार की उपलब्धि के नाम पर पिछली सरकार की योजनायें बंद करना मात्र है। साय सरकार ने जनता के हित में चलाई जाने वाली योजनओं को दुर्भावनापूर्ण बंद किया। 400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दिया, राजीव मितान योजना, गोधन न्याय योजना, शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना, बेरोजगारी भत्ता, रीपा, मुख्यमंत्री कर्ज माफी, सिंचाई कर माफी, महिला समूहों की ऋण माफी, सीएम आदिवासी परब सम्मान निधि, सीएम छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि, कोदो, कुटकी, रागी खरीदी, नरवा-गरवा-घुरवा बारी, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय, मुख्यमंत्री महतारी दुलार, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन, धरसा विकास, शहरी गरीबों को पट्टा एवं आवास, छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना को बंद किया। यह सरकार दुर्भावना वाली सरकार है।



### एसआईआर प्रक्रिया को लेकर कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संशोधित कार्यक्रम की जानकारी ली और इसकी प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया।

उन्होंने बैठक में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि इस पुनरीक्षण प्रक्रिया में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। एसआईआर प्रक्रिया में कहीं कोई दिक्कत या परेशानी होने पर तत्काल जिला प्रशासन के अधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि निराकरण किया जा सके। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के रोल आब्जर्वर एवं भारत सरकार के संयुक्त सचिव बृजमोहन मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप




### नर्रा में ढाई साल से सहायक पशु चिकित्सक नहीं

**नर्रा।** शासकीय पशु औषधालय नर्रा में सहायक चिकित्सक अधिकारी के पद पर वायके सिन्हा पदस्थ थे। उनके रिटायर के बाद यहां ढाई साल से सहायक पशु चिकित्सक अधिकारी का पद खाली पड़ा है। वहीं वर्तमान स्थिति में हेल्फर के भरोसे में औषधालय संचालित है। क्योंकि, एक प्रशिक्षित अधिकारी की कमी से पशुओं के ईलाज टीकाकरण और स्वास्थ्य प्रबंधन में गंभीर समास्याएं आ सकती है।

### पुलिस सख्ती के बाद युवा फार्म हाउस बुक कर हुक्का से धुआं के छल्ले उड़ा रहे

**रायपुर।** राज्य में हुक्का बारों पर पूरी तरह से रोक है। बावजूद इसके युवा निजी फार्म हाउस बुक कराकर खुलेआम हुक्का से धुआं का छल्ला बनाकर उड़ा रहे हैं। इतना ही नहीं, हुक्का पीने वाले युवा इसका बाकायादा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर रहे हैं। ऐसे लोगों के मन में पुलिस के प्रति किसी तरह से कोई खौफ नजर नहीं आ रहा है। राज्य में सार्वजनिक स्थानों पर हुक्का पीने तथा पिलाने पर रोक लगाने 20 फरवरी 2023 को कोटपा एक्ट में संसोधन करते हुए हुक्का पिलाने वालों के खिलाफ 10 से 50 हजार रुपए जुर्माना तथा पीने वालों के लिए एक से पांच हजार रुपए जुर्माना का प्रवाधान किया गया है। इसके साथ ही एक से तीन साल सजा का प्रावधान किया गया है।

दिवस : गुरु घासीदास ने दिया मनखे-मनखे एक समान का संदेश : विधायक इंद्र कुमार

# गुरु पर्व के उपलक्ष्य में सतनामी समाज ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

सतनामी समाज परिक्षेत्र अभनपुर के तत्वाधान मे गुरू पर्व के उपलक्ष्य मे भव्य शोभायात्रा का आयोजन संपन्न हुआ। छग प्रदेश मे यह शोभायात्रा का शुभारंभ अभनपुर से विगत 27 वर्षो से समाज अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन के नेतृत्व मे प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है इतनी विशाल शोभायात्रा शायद ही कही और जगहो मे निकाली जाती हो। मिनी माता कन्या आश्रम उरला से सतनाम भवन भक्तिन कुटीचंडी मोड़ यह 3 किलोमीटर की दूरी तय करने मे 4 से 5 घंटा लग जाता है,क्षेत्र के हजारो की संख्या मे श्रद्धालु इस आयोजन मे भाग लेते है इस शोभायात्रा की खासियत है कि नगर के सभी समाज के लोग तन,मन,धन से शोभायात्रा को सफल बनाने सहयोग करते है,नगर के व्यवसायी व सामाजिक जनप्रतिनिधि तथा राजनैतिक दलो के प्रमुख नेताओ द्वारा पंडाल लगाकर जगह जगह स्वागत किया जाता है,नगर मे उत्सव का माहौल निर्मित रहता है,समाज के युवाओ द्वारा अनेको प्रकार करतबो का प्रदर्शन व पंथी नृत्यक दल आकर्षण का केन्द्र रहते है। हजारो की संख्या मे इतनी बड़ी विशाल शोभायात्रा अनुशासित तरीके से संपन्न होती है। यह शोभायात्रा के समापन कार्यक्रम मे विधायक इन्द्रकुमार साहू ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते कहा कि गुरूघासीदास बाबा का उपदेश किसी एक धर्म,जात के लिए नही बल्कि समस्य मानव समाज के कल्याण के लिए है,वह सभी समाज के गरीब, शोषित, वंचित लोगो के उत्थान के लिए समर्पित रहे,आज क समय मे उनके बताये हुये रास्ते मे चलकर सामजिक सौहार्द पूर्ण वातावरण स्थापित किया जा सकता है,इस अवसर पर विधायक द्वारा 28 लाख रूपये के विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम मे जनपद अध्यक्ष श्रीमति चंद्रिका जितेन्द्र बंजारे,नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,अजाक्स प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण भारती ,बबलू त्रिवेन्द्र,पन्ना लाल नवरंगे आदि लोगो ने गुरू घासीदास बाबा की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिपं. प्रतिनिधि लोकमनी कोसले,पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी,बसंत कोसरे,एमएम कोसले,फतीस साहू,टिकेन्द्र ठाकुर, नीलकमल गिलहरे,टिकेन्द्र बघेल,जितेन्द्र बंजारे, जय बहादुर बंजारे, ओमकार बंजारे,चंदूमल राठी,मुन्ना बांधे,छन्नू लाल बघेल,ह्दय राम गिलहरे, चंपा लेदेकर,रूपनारयण साहू, बीरबल टंडन,आसकरण गिलहरे, शोभाराम गिलहरे,त्रिवेन्द्र टंडन, लक्ष्यवीर बांधे, इतवारी बघेल,नांदुल बंजारे, राधेश्याम बंजारे,रतन गिलहरे, कमलेश टंडन,टु केश बांधे,टिकेश गिलहरे, राधेश्याम बंजारे,दुलारी चतुर्वेदानी, सहदेव कोसरिया, दयाराम जांगड़े,भूपेन्द्र महिलांग, अनिल जोशी,ईश्वर धृतलहरे, रंजीत भारती,नवीन बंजारे सहित बड़ी संख्या मे लोग सम्मिलित रहे।






# निर्माणाधीन रेलवे अंडरब्रिज के धूल प्रदूषण से लोग हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नगर पालिका क्षेत्र अभनपुर में रेलवे अंडरब्रिज से अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कार्यालय तक निर्माणाधीन सडक़ पर उड़ रही अत्यधिक धूल से आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इस समस्या को लेकर प्रभावित वार्ड के नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन सौंपा।

आवेदन में बताया गया कि सडक़ निर्माण कार्य के दौरान नियमित पानी का छिडक़ाव नहीं किए जाने से क्षेत्र में भारी मात्रा में धूल उड़ रही है। निर्माण स्थल के आसपास शासकीय विद्यालय एवं विभिन्न शासकीय कार्यालय स्थित हैं, जहां छोटे-छोटे बच्चे अध्ययनरत हैं। धूल के कारण बच्चों सहित स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडऩे की आशंका जताई गई है।

वार्डवासियों ने मांग की कि निर्माणाधीन सडक़ पर प्रतिदिन नियमित रूप से पानी का छिडक़ाव कराया जाए, जिससे धूल पर नियंत्रण हो सके और लोगों को राहत मिले। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान अभनपुर नगर पालिका परिषद पार्षद रानु राठी , योगेश राठी, दीक्षा राठी, नागेंद्र सिन्हा, दिनेश सिन्हा, चंदू साहू, पूर्व सरपंच वासुदेव साहू, संजय यादव, मयंक गुप्ता, जगमोहन साहू, मनोज साहू, दुष्यंत सिन्हा सहित बड़ी संख्या में प्रभावित वार्डवासी उपस्थित रहे। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम रवि सिंह ने तत्काल लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एसडीओ को आवश्यक निर्देश दिए तथा ठेकेदार को फटकार लगाते हुए नियमित पानी छिडक़ाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कुत्तों के बधियाकरण, टीकाकरण की दिशा में पालिका ने शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने आवारा कुत्तों के नियंत्रण एवं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में कार्यायोजना बनाने का निर्देश दिया है। पालिका अध्यक्ष साहू के निर्देश पर नगर पालिका ने पहल करते हुए आवारा कुत्तों के बधियाकरण व टीकाकरण कार्य के लिए एजेंसियों से आवेदन मंगाए जाने की कर्रवाई कर रही है।

एजेंसियों की ओर सेवा दिए जाने वाले रेट के अनुसार निविदा जारी की जाएगी। शहर में करीब 750 आवारा कुत्तों की पहचान की गई है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे ने बताया है कि नगर पालिका की ओर से कुत्तों का बधियाकरण करवाने के साथ-साथ एंटी रैबीज वैक्सीन टीकाकरण भी करवाया जाएगा। जिससे आवारा कुत्तों की संख्या और न बढ़े और यदि ये किसी को काट भी लें तो संबंधित व्यक्ति में संक्रमण ना फैले। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में शहर के सभी 30 वार्डों को कवर करते हुए कुत्तों के लिए भोजन स्थल (फीडिंग प्वाइंट) चिन्हांकित किया जा रहा हैं। नगर पालिका द्वारा जल्द ही इन स्थलों पर बोर्ड लगाए जाएंगे। जहां नागरिक आवारा कुत्तों को भोजन दे सकेंगे। ताकि, शहर में स्वच्छता भी बनी रहे और कुत्तों का समूह अनियंत्रित रूप से एक स्थान से दूसरे स्थान पर न भटके। साथ ही आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए पालिका क्षेत्र में एक डॉग शेल्टर विकसित करने की कार्ययोजना है। यहां पकड़े गए कुत्तों की नसबंदी, स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार और बाद पुनर्वास की प्रक्रिया की जाएगी।

- पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने न्यायालय के आदेश का पालन करने दिए निर्देश

# जिला स्तरीय पतंजलि संगठनों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला स्तरीय पतंजलि के सभी संगठन की बैठक गायत्री मंदिर परिसर बसना में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य योग आयुर्वेद व पतंजलि को महासमुंद जिले के सभी गांव तक पहुंचाना तथा पतंजलि संगठन के सभी पदों का गठन करना था। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी पुरुषोत्तम पटेल ने बैठक का संचालन किया। बैठक में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ी योग समिति के कार्यकारी सदस्य तिलक साव का सम्मान शिव प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

साव ने अपने उद्बोधन में पतंजलि, योग, आयुर्वेद गौ सेवा के कार्यों को जिला स्तर पर बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। विभिन्न बीमारियों में कराए जाने वाले आसन, जड़ी बूटी परिचय, हवन के लाभ, एक्यूप्रेशर, प्राणायाम, गौ सेवा, योग शिविर के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। महामंत्री डॉक्टर संजय गोयल ने पुनः योग प्रचारक व संगठन को मजबूत करने के लिए सभी से समय देने पर जोर दिया। शिव प्रसाद श्रीवास्तव तहसील प्रभारी बसना ने कहा कि सब का सहयोग लेते हुए हमें बसना के पास के गांव को फिर से योग की सेवा करनी होगी। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से पतंजलि के सभी संगठनों के पद का दायित्व सौंपा गया। पतंजलि समिति तहसील प्रभारी रमेश अग्रवाल, भारत स्वाभिमान तहसील प्रभारी शिव प्रसाद श्रीवास्तव, किसान पंचायत तहसील प्रभारी डॉक्टर वृंदावन पटेल, पतंजलि समिति महामंत्री श्यामल भोई, पतंजलि युवा भारत तहसील लक्ष्मण डड़सेना, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संदीप पटले, तहसील कार्यकारी समिति राजेंद्र साहू, श्रवण, विशाल, वृंदावन, छत्रपति, ध्रुव कुमार बारिक, नंदलाल भोई, पंचारन प्रधान, अयोध्या प्रसाद मिश्रा, दुर्लभ भोई प्रधान शामिल है। बैठक में श्यामलाल ठाकुर, सुरेंद्र पांडे, टीकाराम देवांगन, नरेंद्र पटेल, गणेश राम साहू जिला किसान पंचायत अध्यक्ष, रमेश अग्रवाल, राजेंद्र साहू, डॉक्टर वृंदावन, श्रवण निषाद, नंदलाल भोई, सुभाष चंद्र प्रधान, पंचारन प्रधान, सावन भोई, वृंदावन सतपथी, अयोध्या प्रसाद मिश्रा, मानिक, लक्ष्मण डड़सेना, मनकुराम रोतिया आदि उपस्थित रहे।



# बाबा गुरु घासीदास की शोभायात्रा का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के महान संत, सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास बाबा की भव्य शोभायात्रा का नेहरू चौक पर कांग्रेस कमेटी महासमुंद के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं का पुष्प माला एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। कांग्रेसियों ने घासीदास बाबा के त्याग, तपस्या एवं सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बाबा घासीदास का सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता का संदेश आज भी समाज को सही दिशा देने वाला है। शोभायात्रा के दौरान वातावरण सतनाम के जयघोष से भक्तिमय हो गया। इस दौरान डॉ रश्मि चंद्राकर पूर्व जिलाध्यक्ष, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, कृष्णा चंद्राकर पूर्व उपाध्यक्ष नगरपालिका, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, नारायण नामदेव, भरत ठाकुर वरिष्ठ कांग्रेसी, शाहबाज रजवानी एनएसयूआई जिला अध्यक्ष, हर्षित चंद्राकर महामंत्री, तबरेज खान, शत्रुघन साहू, छन्नू साहू, प्रकाश अजमानी, डॉ. एजाज नकवी, मोती साहू, लीलू साहू, सचिन गायकवाड़, जीवन यादव, गोपीचंद तारक, भानू सोनी, तुलसी देवदास वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# तुलेंद्र व पाटकर बने प्राचार्य, बेमचा संकुल ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा व्याख्याता से प्राचार्य पद पर पदोन्नत किए जाने के बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा से दो व्याख्याता एसएल पाटकर को बेमचा स्कूल एवं तुलेन्द्र सागर को पदुमन सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़सिवनी में प्राचार्य के पद पर पदस्थ किया गया है। पदोन्नति पर संकुल केंद्र बेमचा के समस्त स्कूल शिक्षक एवं शाउमावि बेमचा द्वारा दोनों पदोन्नत प्राचार्य को गुलदस्ता पुष्पहार व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर संकुल अंतर्गत लखनु राम निर्मलकर अध्यक्ष एस एमडीसी, देवेंद्र चंद्राकर सरपंच, भगत राम साहू, रविकांत चंद्राकर, शहनाज बानो खान, विजयलक्ष्मी शर्मा, टाकेश्वर साहू, कुरैशी, धनगर, गोस्वामी, साजिद कुरैशी, सीमा चंद्राकर, खेमिन साहू, हायर सेकंडरी शिक्षक स्टाफ से पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, नवीन चंद्राकर, किरण पटेल, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, कुंती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, आराधना साहू, डॉ सेवनदास मनुकपुरी, विनोद वर्मा, मनीष साहू, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, मिडिल स्कूल से जीएल साहू, खेमिन जलक्षत्री, प्राथमिक स्कूल से सीमा चंद्राकर, यादराम योगी, शकुंतला सोनी, सुषमा सागर, चेष्टा राय, रुक्मणी साहू, जागेश्वरी गोस्वामी, आकांक्षा पात्रे एवं समस्त संकुल के शिक्षकगण उपस्थित रहे।



# गरियाबंद में हुई पत्रकार महासंघ की कार्यशाला

**रसेला।** खामोशी तोड़ने वाली कलम, सवालों से सत्ता को आईना दिखाने की जिम्मेदारी और समाज के सच को बिना डर सामने रखने का जज़्बा—इन्हीं मूल्यों के साथ शनिवार, 13 दिसंबर 2025 को गरियाबंद जिला विश्राम गृह में एक दिन के लिए पत्रकारिता की जीवंत प्रयोगशाला में तब्दील हो गया। अवसर था पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ (पंजीयन क्रमांक 11398) की वार्षिक बैठक एवं कार्यशाला का, जो प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार यादव के मार्गदर्शन और गरियाबंद जिला अध्यक्ष परमेश्वर यादव के नेतृत्व में पूरे जोश और गंभीरता के साथ आयोजित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत संगठनात्मक चर्चा के साथ हुई, लेकिन जल्द ही यह बैठक एक साधारण औपचारिकता से आगे बढ़कर पत्रकारों के लिए आत्ममंथन और प्रशिक्षण का मंच बन गई। प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकारिता केवल खबर छापने का नाम नहीं, बल्कि समाज के दबे-कुचले सवालों को आवाज़ देने की जिम्मेदारी है। यदि कलम ईमानदार है, तो प्रभाव अपने-आप पैदा होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्ष 2025 के अंतिम चरण तक प्रदेश के हर जिले में कार्यशालाओं का आयोजन इसी सोच के तहत किया जा रहा है, ताकि नए सदस्य, आजीवन सदस्य और पदाधिकारी पत्रकारिता के व्यावहारिक पहलुओं को गहराई से समझ सकें।



## पेज 9 के शेष...

### धान तस्करों ने...

जेसीबी मशीन लगाकर धान तस्करो द्वारा चौड़ी सड़क बना दिया गया तब वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कहां थे यहां तैनात कर्मचारी कहां थे इससे यह साफ साबित होता है कि संबंधित विभाग इस क्षेत्र में निष्क्रीय बनी हुई है जिसका फायदा तस्करो ने उठाया और पगडण्डी पैदल चलने वाले सड़क को जेसीबी मशीन से बकायदा चौड़ा कर दिया और यहां से बेधड़क अवैध धान की सप्लाई होती रही।

### पाण्डुका में चोरी...

मानिकपुरी पिता सोहाग दास उम्र 19 वर्ष दुर्गा कला मंच अमलेश्वर जिला दुर्ग एवं चार अपचारी बालको को पुलिस अभी रक्षा में लेकर बारी-बारी से पूछताछ करने पर चोरी स्वीकार किए। आरोपियों के कब्जे से उपरोक्त मशरूका बरामद किया गया है। अपचारी बालको को बाल सम्प्रेक्षण गृह बरोण्डा बाजार महासमुंद भेजी गई है तथा आरोपी पवन एवं खिलेश दास मानिकपुरी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। **इनकी रही विशेष भुमिका-** सम्पूर्ण कार्रवाई में सउनि अशोक कुमार साहू, प्रधान आर. पचन सेन, ओंकार साहू, गणेश साहू, बानेश्वर प्रसाद वर्मा आर. विनोद बंजारे, रामकुमार खैरवार, विनोद सिंह राजपुत, कामेश ध्रुव स्पेशल टीम प्रभारी सउनि मनीष वर्मा एवं उनके टीम की विशेष भूमिका रही ।

**गिरफ्तार आरोपी-** 1) पवन निषाद पिता छोटु निषाद (23) 2) खिलेश दास मानिकपुरी पिता सोहाग दास (19) 03) 04 अपचारी बालक। **जब्त सामग्री-** 2 नग भगवान की सोने की आंख, चांदी की लक्ष्मीजी की मूर्ति, 05 नग चांदी के सिक्के, 02 चांदी के पत्ती, 04 नग फुल कांस की थाली और 03 नग फुल कांस का लोटा किमती करीब 15,000 रूपए।

### फिंगेश्वर पुलिस...

सीजी 04 केपी 7736 कीमती 3,50,0000 रूपये जुमला कीमती 3,64,0000 को मुताबिक जप्ती पत्रक के उपस्थित गवाहों के समक्ष जप्तकर कब्जा पुलिस मे लिया गया। आरोपियों का उक्त कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। **घेराबंदी कर आरोपी को दबोचा-** इस प्रकार पूनः थाना प्रभारी फिंगेष्वर को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 04 डीजी 1753 के टंकी के उपर भारी मात्रा मे शराब रखकर फिंगेश्वर से बोरसी की ओर जा रहा है। सूचना पर हमराह स्टाफ व गवाहन के थाना फिंगेश्वर के आगे नहर किनारे के पास घेराबंदी मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 04 डीजी 1753 को रोककर नाम पता पुछने पर अपना नाम खुमान सिंह ध्रुव पिता पवन कुमार ध्रुव उम्र 35 वर्ष साकिन भेण्ड्री थाना पाण्डुका जिला गरियाबंद का रहने वाला बताया। **आरोपी के पास से भारी मात्रा शराब बरामद, बाइक जब्त-** आरोपी की तलाशी लेने पर एक नीला पीला रंग के कपडे के थैला के अंदर देशी मशाला शराब 22 पौवा प्रत्येक मे 180-180 एमएल भरा हुआ कीमती 2200 रू0 व देशी प्लेन शराब 20 पौवा प्रत्येक मे 180-180 एमएल भरा हुआ कीमती 1600 रू0 कुल 7.560 बल्क लीटर शराब कुल किमती 3,800 रूपये तथा एक मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 04 डीजी 1753 किमती 40000 रूपये को मुताबिक जप्ती पत्रक के गवाहों के समक्ष जप्तकर कब्जा पुलिस मे लिया गया। आरोरी का उक्त कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आबकारी एक्ट के दोनो प्रकणों में संलिप्त 06 आरोपियों को विधिवत समक्ष गवाहन के गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय के निर्देश पर जेल दाखिल किया गया है।

**खबर संक्षेप**



## करचिया के किसान को दिल्ली में मिला अवार्ड

**मैनपुर।** एमएफओआई 2025 (मिलियनेयर फार्मर ऑफ इंडिया अवार्ड्स 2025) तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजन मेला ग्राउंड, पूसा, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। इसका आयोजन कृषि जागरण द्वारा आईसीएआर के सहयोग से किया गया था, जिसमें कृषि सफलता का जश्न मनाया गया, किसानों और नीति निर्माताओं को जोड़ा गया, और इसमें पुरस्कार, प्रदर्शर सतत कृषि विकास के लिए नेटवर्किंग की सुविधा शामिल थी जिसमें पूरे देश भर के किसान शामिल हुए गरियाबंद जिले के देवभोग विकासखण्ड के करचिया ग्राम के किसान चन्द्रशेखर नायक को इस दौरान अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## देवकी ने किया सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन

**भंवरपुर।** ग्राम पंचायत उडेला में मुख्य सड़क से रंगमंच मुख्य चौक तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति देवकी पुरुषोत्तम दीवान छत्तीसगढ़िया द्वारा भूमिपूजन किया गया। विशिष्ट अतिथि रिंकू प्रीतम सिदार पूर्व जनपद सदस्य, संतराम निषाद अध्यक्ष सहकारी समिति, सोमनाथ पटेल कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल भंवरपुर, ब्रिजेंद्र सिदार सेवानिवृत प्राचार्य थे। देवकी ने कहा कि दूरस्थ अंचल के ग्रामवासियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। सीसी रोड बनने से स्थानीय ग्रामवासियों को आवागमन के लिए बेहतर सुविधा मिल पाएगी। साथ ही ग्राम पंचायत, जनपद एवं जिला पंचायत के परस्पर सहयोग से ही ग्रामों का चहुमुखी विकास होगा। कार्यक्रम में सरपंच किशोर कुमार चौहान, उपसरपंच अनुसुईया सिदार, पंच दशोदा चौहान, मोतीनबाई एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## एकता और सनातनी संस्कृति पर हिंदू सम्मेलन 25 को

**सरायपाली।** नगर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन 25 दिसंबर को किया जा रहा है, जिसमें हिंदुत्व की एकता और सनातनी संस्कृति पर केंद्रित संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। यह आयोजन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरुकता और सनातन मूल्यों के प्रचार-प्रसार के लिए एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी के लिए नगर स्तर पर संयोजक मंडल का गठन किया गया है।

**निधन**

## इतवारीन बाई

**मैनपुर।** मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाठा के वरिष्ठ नागरिक इतवारीन बाई यादव (100) का



शनिवार को आकास्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुआ और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए। ज्ञात हो कि इतवारीन बाई यादव हरदीभाठा निवासी विश्राम नागेश एवं तिजराम नागेश की माता थी।

### विडंबना : राशन के लिए 24 किमी पैदल, बीमार पड़े तो खाट-कांवर ही सहारा

# आजादी के 79 साल बाद भी सड़क से वंचित है अमली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

खास खबर

चावल, दाल, मिट्टी तेल राशन लेने के लिए विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के ग्रामीणों को 24 कि.मी. पैदल आना–जाना सफर तय करना पड़ता है तब कहीं जाकर राशन नसीब हो पाती है गांव तक पहुंचने के लिए आज अजादी के 79 बाद भी पक्की सड़क का निर्माण किया गया है पगडण्डी और उबड़–खाबड़ पहाड़ी मार्ग के सहारे ग्रामीण वर्शो से आना जाना कर रहे है दूसरा रास्ता जो मोटर सायकल और साईकिल का है वह 35–40 कि.मी. दूर ओड़ीसा होकर आना–जाना पड़ता है।

यह सब स्थिति गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर अन्तर्गत ग्राम अमली का है तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 40 किमी दूर ग्राम पंचायत इंदागांव और उसके आश्रित ग्राम अमली जो इंदागांव से लगभग 12 किमी दूर पहाड़ी के ऊपर बसा हुआ है जंगलो के घिरे यहा निवास करने वाले विशे पिछड़ी कमार जन जाति के लोग अभाव और परेशानियो के बीच जिंदगी गुजारने के लिए एक तरह आदि हो गये है उनकी जरूरत बेहद सिमित है ये ग्रामीण दैनिक जरूरतो को पूरा करने के लिए मैनपुर मुख्यालय एवं इंदागांव के बाजार तक बमुश्किल पहुंचते है। ग्राम अमली के जनसंख्या लगभग 350 के आसपास है और यह ओड़िसा सीमा पहाड़ी के उपर बसा हुआ गांव है यहां के ग्रामीण वर्शो से पक्की सड़क निर्माण की मांग कर रहे है लेकिन अब तक उन्हे सिर्फ अश्वासन ही मिला है यहां के ग्रामीणो ने बताया हर बार विधानसभा और लोकसभा चुनाव में ग्रामीणों को पक्कनिर्माण कराने का अश्वासन सभी राजनीति पार्टियों द्वारा दिया जाता है लेकिन चुनाव के बाद भुल जाते है जिसका खमियाजा ग्रामीण भुगत रहे है ग्रामीण हरिसिंह सोरी मनसाय नेताम, भागीरथी सोरी, बेलमती नेताम ने बताया सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीणों को तबियत खराब होने की स्थिति पर होती है गर्भवती माताओं को अस्पताल तक कांवर के सहारे ले जाते है समय पर इलाज नही मिलने पर अकाल मृत्यु का सामना करना पड़ता है ग्रामीणों ने बताया आज तक कोई भी विधायक सांसद तो बहुत दूर की बात है मैनपुर ब्लाक स्तर के अधिकारी भी इस गांव में नही पहुंचे है ।

**विशेष पिछड़ी कमार जनजाति आज भी मूलभूत सुविधाओं से दूर**

### कमार विकास अभिकरण की योजनाएं खोखली साबित

कमार जनजाति के विकास के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित किया जा रहा है लेकिन यहां के ग्रामीणों को कमार विकास अभिकरण का कोई लाभ नही मिल पा रहा है गांव में बिजली नही है सौर उर्जा उपकरण बैटरी खराब पड़ा हुआ है एक मोहल्ले में मुश्किल से एक घण्टा ही जल पाता है उसके बाद पूरी रात ग्रामीणो को लकड़ी का अलाव जलाकर गुजारा करना पड़ता है स्वास्थ्य सुविधा बेहाल है माह में एक दिन ही स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी पहुंचते है और तो और स्कूल भी प्रतिदिन नही खुलता यहां स्कूल संचालित किया जा रहा है और यहां एक दर्जन से ज्यादा बच्चे अध्ययनरत है। गांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी लगाई गई है लेकिन सिर्फ एक जगह ही पानी मिल रहा है घरो में लगाए गये टोटी सुखा पड़ हुआ है यहां के ग्रामीण मुलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे है इन्हे आज भी गांव के विकास के लिए किसी मसीहा का इंतिजार है। गांव में रोजगार का अभाव बना हुआ है। गांव के ग्रामीण अपने पारम्पारिक व्यवसाय बास के बर्तन बनाने का कार्य करते है और उससे मिलने वाले आय से जीविका उपार्जन करते है।





### सरपंच ने की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग

ग्राम पंचायत इंदागांव के सरपंच गुरूबारी बाई ध्रुव एवं उपसरपंच श्रीमती कांति बस्तिया ने बाताया ग्राम अमली तक सड़क स्वास्थ्य पेयजल के लिए कई बार मांग पत्र दे चुके है लेकिन अब तक समस्या का समाधान नही हुआ है। उन्होने गरियाबंद कलेक्टर से मांग किया है कि इस गांव तक पक्की सड़क निर्माण किया जाय और ग्रामीणों को मुलभुत सूविधाएं उपलब्ध कराई जाए।



## नवनिर्वाचित अध्यक्ष गैंदलाल साहू ने एकता पर दिया जोर

**परिक्षेत्र साहू समाज की हुई कार्यकारिणी बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण-नवागांव की कार्यकारिणी बैठक नवागांव में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माता कर्मा की पूजा अर्चना से हुआ। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष गैंदलाल साहू ने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह समाज में रहकर अपनी सुख और दुख रुपी जीविका का निर्वहण करता है। समाज एक प्रक्रिया है चुनाव हो या मनोनयन मगर उसके बाद हम सब एक परिवार के रूप में समाज में रहते है। कहा कि एकता में बड़ी ताकत होती है। संगठित समाज ही विकास की दिशा में अग्रसर होती है। आप सभी लोगों के आशीर्वाद से मुझे नवीन दायित्व मिला है जिसके निर्वहण के लिए मार्गदर्शन की आवश्यकता होगी। पूर्व अध्यक्ष खोरबाहरा साहू ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि अध्यक्ष की भूमिका समाज का नेतृत्व करना, सामाजिक एकता एवं समरसता को बढ़ावा देते हुए समाज के उत्थान के लिए कार्य करना है। समाज को जब भी मेरी सहयोग की आवश्यकता होगी मैं हमेशा तत्पर रहूंगा। उन्होने सामाजिक दस्तावेज सौंपा। बैठक में



पूर्व अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों को शाल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष रामकुमार हिरवानी, कमला साहू, गंगू राम साहू, गुहा राम साहू, निर्मला साहू, पार्वती साहू, नरसिंह साहू, पूरन लाल साहू, लीला राम साहू ओमप्रकाश साहू, खगेश साहू, डोमार साहू, जगदीश साहू, राजेश साहू साहू, मिथलेश साहू, परस साहू, बिंदु साहू, उमेंद साहू विशेषर साहू, बोधन साहू, सहित परिक्षेत्र साहू समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शरद चोपकर दिल्ली में हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

कृषि उपज मंडी के बाबू शरद चोपकर को उनके शैक्षणिक, संस्कृति व सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए समता दलित साहित्य अकादमी के 41वें राष्ट्रीय दलित साहित्यकार सम्मेलन दिल्ली में मानद उपाधि भगवान बुद्ध नेशनल अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय मानवधिकार एवं आरटीआई जागरुकता संगठन भारत के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सांगेस भाटी एवं प्रदेश अध्यक्ष कलाकार प्रकोष्ठ डॉ. सुरेश ठाकुर अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कृत गायक, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ डॉ. निधि चोपकर एवं कोनिका ठाकुर छत्तीसगढ़ उपाध्यक्ष कलाकार प्रकोष्ठ एवं रायपुर जिला अध्यक्ष पूर्णिमा साहू के साथ ही मुख्य कार्यकारिणी सदस्य मुख्य कार्यकारिणी प्रकोष्ठ अरुण साहू, नागेंद्र तिवारी, दिनेश शर्मा, आकाश पांडे, भूपेश नागवंशी, डेविड निराला, दुकालू यादव, मुन्ना ठाकुर, साहित्यकार तुकाराम कंसारी ने उन्हें बधाई दी है।

## प्रदेश स्तरीय मानस सम्मेलन को लेकर ग्राम विकास समिति का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

- हरदीभाठा में प्रदेश स्तरीय मानस सम्मेलन की तैयारी शुरू

विकासखंड मुख्यालय से लगे ग्राम हरदीभाठा में 06 फरवरी 2026 से प्रदेश स्तरीय भव्य मानस सम्मेलन का आयोजन किया जाना है जिसके लिए ग्रामवासियों द्वारा आज बुधवार को एक आम बैठक कर सर्वसम्मति से मानस सम्मेलन समिति का गठन किया गया है जिसमें ग्राम विकास समिति अध्यक्ष लोचन निर्मलकर, संरक्षक पंडित योगेश शर्मा, लालाराम पटेल, धनसाय सोनवानी, राजकुमार सोनवानी, रामसाय निर्मलकर, खुशीराम साहू, मेहत्तर जगत, श्यामा विश्वकर्मा, सेवाराम देववंशी को बनाया गया है। अध्यक्ष रामजी साहू, उपाध्यक्ष विश्राम यादव, सचिव शेखर पटेल, सहसचिव सवितानंद साहू, कोषाध्यक्ष यातिराम पटेल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष पुरईन बाई पटेल, उपाध्यक्ष



धनमति निर्मलकर, सचिव रूकमणी पटेल, कोषाध्यक्ष रूखमणी निर्मलकर को बनाया गया है। ज्ञात हो कि मानस ग्राम के रूप में क्षेत्र में प्रसिध्द ग्राम हरदीभाठा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय भव्य मानस सम्मेलन का आयोजन 6 फरवरी से किया जाना है जिसमें 05 फरवरी को भव्य कलश यात्र एवं 06 फरवरी 2026 से 08 फरवरी 2026 तक तीन दिवसीय मानस सम्मेलन आयोजित किये जायेगें। छत्तीसगढ़ के प्रसिध्द मानस मंडली अपनी प्रस्तुति देते है एवं इस मानस सम्मेलन में हजारो की संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति भी देखने को मिलती है। ग्राम हरदीभाठा में मानस सम्मेलन की तिथि निर्धारित होते ही ग्राम में साफ सफाई व कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस अवसर पर मानस सम्मेलन समिति के गठन में सरपंच श्रीमती मालती कोर्राम, श्रीमती दुलिया बाई ध्रुव, सालिक राम पटेल, रामरतन पटेल, सुंदर निर्मलकर, राजकुमार यादव, नरेंद्र साहू, दीनबंधु, सुखराम निर्मलकर, भुवनेश्वर पटेल, देवचरण साहू, गोपी निर्मलकर, चेतन पटेल, रूपेन्द्र साहू, हलधर पटेल, रमेश साहू, दयाराम साहू नारायण पटेल, राजेंद्र साहू, श्रीमती कुमारी बाई पटेल, सेवती बाई, बबीता निर्मलकर, सोनिका बाई सोनवानी, मोतीम बाई साहू, कुंती बाई ग्वाले, मांनकुंवर निर्मलकर, जानकी बाई सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने कार्यक्रम को भव्य रूप से तन मन धन से सहयोग करने की बात कही।



## रैली में पीसीसी पूर्व चीफ सहित कई नेता हुए शामिल

**नवापारा-राजिम।** दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित विशाल रैली में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ,चरणदास महंत ,दीपक बैज, टी. एस .बाबा सहित पार्टी के अनेको नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू ने कहा कि केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग की तथा लोकतंत्र के मूल्यों से किसी भी प्रकार के समझौते का विरोध किया। कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह जनता के वोट के अधिकार की रक्षा के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव आयोग पिछले कई वर्षों से निष्पक्षता के साथ अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रही है, जिससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर हो रही है।

## सालासर सुंदरकांड समिति का जनसंपर्क अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा समिति ने 21 दिसम्बर को विशाल कलश यात्रा, राम कथा, 11 कन्याओं के सामूहिक विवाह एवं नववर्ष पर विशाल हनुमान चालीसा का आमंत्रण भगवत भक्तों तक पहुंचानरयास किया है। हनुमान चालीसा समिति की अध्यक्ष तारणी शर्मा, आरती काबरा, पिंकीं साहू, पूजा, पुष्पलता, मोहिनी, तुलसी लक्ष्मी मुस्कान, वासनी छाया, साहू, चंचल, नेहा तारक, सरिता सिंह, आमंत्रण के रूप में राम दरबार, सालासर बालाजी, खाटू श्याम जी, रामलला की तस्वीर भक्तों तक पहुंचा रही है।

इस कलेण्डर में भगवान की तस्वीर के अलावा हनुमान चालीसा एवं पूरे आयोजन का विवरण दिया गया है। जो आकर्षण का केंद्र है। संस्थापक राजू काबरा ने बताया कि आज प्रचार



प्रसार की कड़ी में समिति अपने पारंपरिक ड्रेस में सदर एवं गंज रोड, बस स्टैंड के हर दुकान तक आमंत्रण देने पहुंचे। जिसमें मोहन, सुमित पंजवानी, नंदकिशोर राठी, रूपेंद्र चन्द्राकर, संतोष अग्रवाल, ओमप्रकाश शर्मा, नेमी, संतोष, निखिल, जय, नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, पूजा कंसारी, साधना सौरज, अनपूर्णा देवांगन, धनमती साहू, पदमनी सोनी, नीता धीवर, हर्षा कंसारी, उमा, प्रभा, किरण शामिल थे।

### बिंद्रानवागढ़ में विधानसभा प्रभारी नेहरू निषाद के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत

# भाजपा कार्यकर्ता मोदी की गारंटी को जनजन तक पहुंचाएं : निषाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नवागढ़ में आज रविवार को भारतीय जनता पार्टी के बिंद्रानवागढ़, मैनपुर एवं मलेवांचल मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के प्रभारी एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनील चन्द्राकर, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी नेहरू निषाद ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज से ही विधानसभा चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दें। उन्होंने कहा कि अब समय है पूरी मेहनत के साथ मैदान में उतरने का। हर बूथ को मजबूत करना, अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना और चुनाव जीतने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है। उन्होंने कहा कि पार्टी को अपने कार्यकर्ताओं से बड़ी अपेक्षाएँ हैं और कार्यकर्ता ही विजय की कुंजी हैं। श्री निषाद कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और उनकी गारंटी को जन–जन तक पहुँचाना हम सभी का दायित्व है। साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सुशासन की योजनाओं को बूथ के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियाँ ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत हैं। बैठक में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा मैनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष यादव शिवशंकर जायसवाल, वरिष्ठ नेता योगेश शर्मा, पारस ठाकुर, संतोष सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मेघा धनजय नेताम, त्रिलोक राठौड़, घनश्याम मरकम, दिनेश सचदेव, नारायण सिन्हा रामदास वैष्णव काजू राम चक्रधारी राजेंद्र राजपूत देवशरण यादव दिलीप साहू किशोर यदु गोविंद नायक फिरतू राम कंवर दशरू सिन्हा हेमलाल यादव कोमल सोनवानी लखनगिरी गोस्वामी मोहन सिंह कुशवाहा अरुण सोनवानी हेमंत साहू कैलाश निर्मलकर रोहित नायक सरोजिनी रात्रे लेश्वरी ठाकुर पीला सिंह परमेश्वर सेन पूजा चौहान टिकेश्वरी ठाकुर कवि मरकाम खेम सिंह भुनेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कार्यकर्ता ही भाजपा की असली पूंजी: पुजारी**

भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि पार्टी ने समय से पूर्व ही विधानसभा प्रभारी को क्षेत्र में भेजकर चुनावी तैयारी को गति दी है। उन्होंने कहा कि प्रभारी नेहरू निषाद को भाजपा का परचम लहराने के उद्देश्य से भेजा गया है और यह बैठक उनकी परिचयात्मक बैठक है। संगठन पूरी एकजुटता के साथ प्रभारी के मार्गदर्शन में कार्य कर रहा है। पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा की असली पूँजी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सदैव कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद मिला है। अपने पूर्व कार्यकाल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय की सरकार ने बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की उपेक्षा की तथा पिछली सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उसकी जनविरोधी नीतियों को उजागर किया। बैठक में आगामी पार्टी कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। बूथ सशक्तिकरण अभियान, जनसंपर्क अभियान, संगठन पर्व, सरकार की उपलब्धियों को लेकर विशेष अभियान तथा सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार–प्रसार को तेज करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के अंत में संगठन की मजबूती, अनुशासन और समर्पण के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में विजय का संकल्प लेते हुए कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉ आशीष शर्मा एव आभार जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके द्वारा किया गया।



